# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VI (2nd lang.) | Department: Hindi | Class work |
|---|---|---|
| पाठ-2 हार की जीत | Topic -प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग | Note: Pl. write in your note book. |

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 1. घोड़ा देखकर किसको बड़ा आनंद आता था?
उत्तर - घोड़ा देखकर बाबा भारती को बड़ा आनंद आता था।

प्रश्न 2. बाबा भारती के घोड़े का नाम क्या था ?
उत्तर- घोड़े का नाम सुलतान था।

प्रश्न 3. गाँव के बाहर एक छोटे से मंदिर में कौन रहता था?
उत्तर - गाँव के बाहर एक छोटे से मंदिर में बाबा भारती रहते थे।

प्रश्न 4. किसकी कीर्ति खड्गसिंह के कानों तक पहुँची?
उत्तर - सुलतान की कीर्ति खड्गसिंह के कानों तक पहुँची।

प्रश्न 5. खड्गसिंह कौन था?
उत्तर - खड्गसिंह एक डाकू था।

प्रश्न 6. बाबा भारती मंदिर में क्या करते थे?
उत्तर - बाबा भारती भगवान का भजन किया करते थे।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 1. बाबा भारती को क्या भ्रांति हो गई थी?
उत्तर - बाबा भारती को यह भ्रांति हो गई थी कि डाकू खड्गसिंह ने अपना इरादा बदल दिया है और अब वह सुलतान को चुराने नहीं आएगा|

प्रश्न 2. घोड़े के बारे में किसे पता चला? वह कैसा आदमी था ?
उत्तर - घोड़े के बारे में खड्गसिंह को पता चला। वह इलाके का प्रसिद्ध डाकू था। लोग उसका नाम सुनकर काँपते थे।

प्रश्न 3. बाबा भारती ने खड्गसिंह से क्या प्रार्थना की और क्यों?
उत्तर - बाबा भारती ने डाकू खड्गसिंह से प्रार्थना की कि जंगल में हुई घटना के बारे में किसी से न कहे क्योंकि इसके बारे में पता चलेगा तो लोग किसी पर विश्वास नहीं करेंगे और किसी की मदद भी नहीं करेंगे।

प्रश्न 4. बाबा भारती ने अपाहिज की सहायता कैसे की?

उत्तर - जब बाबा भारती ने रास्ते में एक अपाहिज को देखा तो उन्हें उस पर दया आ गई। उन्होंने अपाहिज को सहारा देकर घोड़े पर बैठा दिया और खुद घोड़े की लगाम पकड़कर पैदल चलने लगे।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 1. बाबा भारती के जीवन में सुलतान का क्या स्थान था?

उत्तर - बाबा भारती अपने घोड़े 'सुलतान' को अपने बेटे की तरह प्यार करते थे। वह सुलतान को अपने जीवन का एक अभिन्न अंग मानते थे। वह उसे अपने हाथों से दाना खिलाते थे और उसकी देखभाल करते थे। उन्हें लगता था कि वे सुलतान के बिना जीवित नहीं रह पाएँगे।

प्रश्न 2. सुलतान को देखकर खड्गसिंह के हृदय पर साँप क्यों लोटने लगा?

उत्तर – डाकू खड्गसिंह के पास कई अच्छे घोड़े थे। लेकिन जब उसने बाबा भारती के पास सुलतान को देखा, तो वह उसकी चाल और सुंदरता पर मोहित हो गया। उसे लगा कि ऐसा घोड़ा उसके पास होना चाहिए। इसीलिए उसके हृदय पर साँप लोटने लगा।

..............................................

## व्याकरण भाग

प्रश्न – दिए गए मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

1. **लट्टू होना** **अर्थ-** किसी चीज़ को बहुत पसंद करना।
   **वाक्य-** नया वीडियो गेम देखकर साहिल उस पर **लट्टू हो गया**।

2. **हृदय पर साँप लोटना** **अर्थ-** बहुत अधिक जलन या ईर्ष्या होना।
   **वाक्य-** जब राम को पुरस्कार मिला, तो उसके दुश्मन के **हृदय पर साँप लोटने लगे**।

3. **फूला न समाना** **अर्थ-** बहुत ज़्यादा खुश होना।
   **वाक्य-** कक्षा में प्रथम आने पर रोहित फूला न समाया।

4. **मुँह मोड़ लेना** **अर्थ-** साथ छोड़ देना।
   **वाक्य:** बुरे समय में कभी भी अपनों से मुँह नहीं मोड़ना चाहिए।

5. **मुख खिल जाना** **अर्थ-** बहुत प्रसन्न होना।
   **वाक्य-** अपनी खोई हुई गुड़िया पाकर रीना का मुख खिल गया।

6. **न्योछावर कर देना** **अर्थ-** अपना सब कुछ समर्पित कर देना।
   **वाक्य-** माँ अपने बच्चों की खुशी के लिए अपना सारा सुख न्योछावर कर देती है।

**7. मुँह में पानी आना** **अर्थ- ललचा जाना**

**वाक्य-** चॉकलेट देखकर बच्चे के मुँह में पानी आ गया।

**8. आँखों में धूल झोंकना** **अर्थ- धोखा देना**

**वाक्य-** चोर पुलिसवाले की आँखों में धूल झोंककर भाग गया।

**9. आसमान सिर पर उठाना** **अर्थ- बहुत शोर करना**

**वाक्य-** अध्यापिका के कक्षा से जाते ही छात्रों ने आसमान सिर पर उठा लिया।

**10. हवा से बातें करना** **अर्थ- बहुत तेज दौड़ना**

**वाक्य-** बाबा भारती का घोड़ा सुलतान तो हवा से बातें करता था।

*****************

प्रश्न- दिए गए चित्र का वर्णन 30 से 40 शब्दों में कीजिए|



*******************